Title: Need to set up Industrial Development Centre at Alwar in Rajasthan -Laid.

डा. जसवन्तसिंह यादव (अलवर): राजस्थान राज्य औद्योगिक क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा है, क्योंकि राजस्थान में आधारभूत सुविधाएं अपर्याप्त हैं। केन्द्र सरकार ने वर्ा 1988 में विकास केन्द्र योजना की घोाणा की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों के विकास हेतु आधारभूत सुविधाएं प्रदान करना है।

राजस्थान के अलवर जिले में एक भी औद्योगिक विकास केन्द्र नहीं है जबकि यह जिला राट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंदर आता है तथा यहां पर दिल्ली से उद्योग भी स्थानान्तरित होकर आ रहे हैं। आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण यहां के उद्योगपति बहुत परेशान हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान के अलवर जिले में भी औद्योगिक विकास केन्द्र शीघ्र स्थापित किया जाए।